राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:- registrar.rmpu@gmail.com

पत्रांकः–आर0एम0पी0यू0 / 399 / 2023 दिनांकः– 25 जनवरी, 2023

सेवा में, **अति आवश्यक / समयबद्ध**

प्राचार्य / प्राचार्या / प्रबंधक,
बी0एड0 पाठ्यक्रम संचालित महाविद्यालय,
संबद्ध राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय,
अलीगढ।

विषयः– सत्र 2023–24 हेतु बी0एड0 पाठ्यक्रम की संबद्धता के संबंध में।

महोदय / महोदया,

सत्र 2023–24 की संयुक्त प्रवेश परीक्षा कराने का उत्तरदायित्व उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी को प्रदान किया गया है। उपर्युक्त संयुक्त प्रवेश परीक्षा का विज्ञापन दिनांक 01 फरवरी, 2023 को प्रकाशित होने की संभावना है।

परीक्षण करने पर पाया गया कि राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ से संबद्ध अनेक महाविद्यालयों पर सत्र 2023–24 की संबद्धता नहीं है, शिक्षक अनुमोदन नहीं है एवं प्रबंध समिति भी अनुमोदित नहीं है। ऐसी स्थिति में बिना संबद्धता वाले महाविद्यालयों का नाम आयोजक विश्वविद्यालय को भेजा जाना संभव नहीं होगा।

तत्क्रम में निर्देशित किया जाता है कि जिन महाविद्यालयों की बी0एड0 पाठ्यक्रम की संबद्धता प्राप्त नहीं है, वे अपनी संबद्धता प्राप्त करने हेतु त्वरित गति से प्रयास करें तथा **दिनांक 31 जनवरी, 2023 तक पत्रावली पूर्ण कर विश्वविद्यालय में जमा करना सुनिश्चित करें।**

25/1/23
(महेश कुमार)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1. मा0 कुलपति जी, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
2. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, अलीगढ।
3. सम्पादक, समस्त समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ कि उक्त महत्वपूर्ण सूचना को अपने सम्मानित दैनिक समाचार पत्र में छात्रहित में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
4. अधिकृत एजेंसी को इस निर्देश के साथ कि समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों के लॉगिन आई0डी0 एवं विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड करें।
5. गार्ड फाईल।

सहायक कुलसचिव

PKRL